<u>समाचार</u>

गणतंत्र दिवस पर साकेत में महापौर करेगें ध्वजारोहण

कोरबा 25 जनवरी 2021 –26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद साकेत भवन में ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर निगम के सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त श्री एस.जयवर्धन, मेयर इन काउंसिल सदस्यगण, पार्षदगण, एल्डरमेनगण के साथ–साथ निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी 2021 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में प्रातः 7.00 बजे ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ध्वजारोहण करेंगे।

<u>**दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाए**</u> – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने 26 जनवरी 2021 की गणतंत्र दिवस की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं क्षेत्र के नागरिकों को दी है।